भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3201

06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सभी के लिए आवास

3201. **श्री रामप्रीत मंडलः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में "सभी के लिए आवास" के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं**;**
(ख) उक्त योजना के अंतर्गत वर्तमान में राज्य-वार ब्यौरा क्या है और इसमें क्या प्रगति हुई है**;** और
(ग) विशेषकर पिछड़े राज्यों में उक्त योजना की क्या स्थिति है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क): आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) दिनांक 25.06.2015 से देश-भर के पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं सहित सभी मौसमों के अनुकूल पक्के आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के कार्यान्वयन से प्राप्त अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने योजना में बदलाव किया है और देश-भर के शहरी क्षेत्रों में 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 01.09.2024 से "सबके लिए आवास" मिशन के अंतर्गत पीएमएवाई-यू 2.0 का शुभारंभ किया है। इस योजना के दिशा-निर्देश https://pmay-urban.gov.in/uploads/guidelines/Operational-Guidelines-of-PMAY-U-2.pdf लिंक पर उपलब्ध हैं।

(ख) और (ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, मंत्रालय ने पीएमएवाई-यू तथा पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत अब तक कुल 127.68 लाख आवासों को स्वीकृति प्रदान की है। इनमें से दिनांक 13.07.2026 तक की स्थिति के अनुसार

121.03 लाख आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है तथा 99.07 लाख आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। योजना की प्रगति पीएमएवाई-यू डैशबोर्ड (https://dashboard.pmay-urban.gov.in) पर भी देखी जा सकती है। पीएमएवाई-यू तथा पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वीकृत, निर्माणाधीन तथा पूर्ण किए गए/लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों के साथ-साथ अनुमोदित एवं जारी की गई केंद्रीय सहायता का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

******

दिनांक 06.08.2026 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं. 3201 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू तथा पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वीकृत, निर्माणाधीन तथा पूर्ण/लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों के साथ-साथ अनुमोदित एवं जारी की गई केंद्रीय सहायता का विवरण

क्र. सं.	राज्य/सघ राज्य क्षेत्र का नाम	2011 की जनगणना के अनुसार शहरी जनसंख्या	आवासो की भौतिक प्रगति (सख्या)				केंद्रीय सहायता की वित्तीय प्रगति (करोड़ रु. में)	
			स्वीकृत		निर्माणाधीन	पूर्ण/सौंपे गए	स्वीकृत	जारी किया
			पीएमएवाई-यू	पीएमएवाई-यू 2.0				
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1,43,488	260	1	261	234	4	4
2	आंध्र प्रदेश	1,46,10,972	19,06,887	61,084	18,70,787	11,38,126	29,998	24,072
3	अरुणाचल प्रदेश	3,17,369	8,068	6,219	13,005	9,495	316	242
4	असम	43,98,542	1,69,626	52,317	1,84,600	1,48,507	3,745	2,589
5	बिहार	1,17,58,016	2,91,422	1,75,433	4,25,630	2,02,188	7,234	5,023
6	चंडीगढ़	10,26,459	1,256	30	1,286	1,286	29	29
7	छत्तीसगढ़	59,37,237	2,81,111	65,142	3,08,753	2,68,384	5,451	4,698
8	दिल्ली	1,63,68,899	29,976	3,649	33,625	33,625	705	705
9	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	3,43,446	9,947	765	10,712	10,454	217	211
10	गोवा	9,06,814	3,146	34	3,180	3,180	75	75
11	गुजरात	2,57,45,083	9,72,025	1,63,645	10,40,736	9,93,987	22,637	20,572
12	हरियाणा	88,42,103	1,14,667	21,441	87,475	74,658	2,474	1,692
13	हिमाचल प्रदेश	6,88,552	12,640	1,394	13,429	12,142	245	229
14	जम्मू और कश्मीर	33,87,571	42,584	3,398	43,907	35,961	734	544
15	झारखंड	79,33,061	2,29,156	14,187	2,10,794	1,70,450	3,815	3,216
16	कर्नाटक	2,36,25,962	5,76,956	1,124	4,98,868	4,06,720	9,700	7,778
17	केरल	1,59,34,926	1,61,957	294	1,55,725	1,43,267	2,702	2,500
18	लद्दाख	45,671	987	151	1,071	1,009	34	27

19	मध्य प्रदेश	2,00,69,405	9,46,592	93,349	9,98,165	9,10,322	16,984	16,101
20	महाराष्ट्र	5,08,18,259	11,85,439	1,98,801	12,16,585	10,74,552	25,359	20,446
21	मणिपुर	8,34,154	52,519	3,528	51,225	24,046	868	615
22	मेघालय	5,95,450	4,758	3,934	4,580	3,138	161	85
23	मिजोरम	5,71,771	39,150	1,554	39,361	34,262	636	534
24	नागालैंड	5,70,966	31,067	6,156	32,164	30,228	631	497
25	ओडिशा	70,03,656	2,03,380	33,736	2,01,292	1,74,404	3,682	2,916
26	पुडुचेरी	8,52,753	15,995	3,757	19,269	12,923	338	274
27	पंजाब	1,03,99,146	1,20,990	37,778	1,35,494	1,05,497	2,714	2,198
28	राजस्थान	1,70,48,085	2,92,400	88,246	3,44,873	2,76,804	6,663	5,858
29	सिक्किम	1,53,578	301	-	301	220	6	6
30	तमिलनाडु	3,49,17,440	6,67,138	18,577	6,73,709	6,32,085	11,239	10,892
31	तेलंगाना	1,36,08,103	2,48,074	1,41,298	2,73,453	2,29,673	6,552	4,169
32	त्रिपुरा	9,61,453	87,895	4,318	88,966	82,942	1,517	1,375
33	उत्तर प्रदेश	4,44,95,063	17,60,866	3,99,313	20,41,278	17,25,799	33,628	30,248
34	उत्तराखंड	30,49,338	63,605	3,484	65,866	56,244	1,221	1,114
35	पश्चिम बंगाल	2,90,93,002	6,15,105	11,950	6,11,396	5,38,363	10,086	8,963
कुल		**37.71 करोड़**	**111.48 लाख***	**16.20 लाख***	**121.03 लाख***	**99.07 लाख***	**2.12 लाख करोड़**	**1.81 लाख करोड़**

* इसमें मिशन अवधि के दौरान जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत पूर्ण किए गए 3.42 लाख तथा निर्माणाधीन 4.01 लाख आवास भी शामिल हैं।